# कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल
# KUMAUN UNIVERSITY, NAINITAL (UTTARAKHAND)

**प्रेस विज्ञप्ति/सूचना**

एतद्द्वारा कुमाऊँ विश्वविद्यालय से सम्बद्ध परिसर/महाविद्यालय/संस्थान के विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय के पत्रांक केयू/प0नि0/गोपनीय/2024/1938 दिनांक 13–11–2024 को शैक्षणिक सत्र 2020–21 के स्नातक ओल्ड कोर्स तृतीय व पंचम (मुख्य/एक्स/बैक) तथा स्नातक ओल्ड कोर्स प्रथम सेमेस्टर बैक व एन0ई0पी0 पंचम सेमेस्टर मुख्य परीक्षा, एन0ई0पी0 प्रथम व तृतीय सेमेस्टर के मुख्य व बैक परीक्षा, स्नातकोत्तर प्रथम व तृतीय सेमेस्टर मुख्य बैक व एक्स स्टूडेन्ट, व्यवसायिक पाठ्यक्रम के अन्तर्गत प्रथम, तृतीय, पंचम, सप्तम व नवम, सेमेस्टर के मुख्य एवं बैक व एक्स स्टूडेन्ट के लिए परीक्षा आवेदन पत्र एवं शुल्क विश्वविद्यालय की वैबसाईट के माध्यम से भरे जाने की अन्तिम तिथि दिनांक 17–11–2024 तक निर्धारित की गई थी।

**तद्क्रम में कतिपय परिसर/महाविद्यालय/संस्थानों के विद्यार्थियों द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र न भरे जाने के कारण व्यापक छात्रहित में विद्यार्थियों को अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए उक्त तिथि को दिनांक 23–11–2024 (मध्य रात्रि 12 बजे तक) तक विस्तारित किया जाता है।** अतः विद्यार्थी उपरोक्तानुसार सन्दर्भित परीक्षाओं के लिए दिनांक 23–11–2024 तक परीक्षा आवेदन पत्र एवं परीक्षा आवेदन शुल्क आनलाईन माध्यम से भरा जाना सुनिश्चित करें। (समर्थ पोर्टल के माध्यम से प्रवेशित विद्यार्थी समर्थ पोर्टल के माध्यम से **kunainital.samarth.edu.in** तथा विश्वविद्यालय ई0आर0पी0 से प्रवेशित विद्यार्थी द्वारा अपना परीक्षा आवेदन पत्र विश्वविद्यालय की वैबसाईट **kuntl.net** के माध्यम से परीक्षा आवेदन पत्र एवं शुल्क जमा करना सुनिश्चित करेंगे।)

**नोट–**

- **माईनर पाठ्यक्रम के समस्त विषयों की मुख्य परीक्षाऐं सम सेमेस्टर की परीक्षाओं के साथ आयोजित की जायेगी।**
- **प्रवेश परीक्षा (बी0एड0 तथा विधि पाठ्यक्रम) उत्तीर्ण किये हुए ऐसे विद्यार्थी जिनके द्वारा प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश लिया गया है ऐसे विद्यार्थियों हेतु परीक्षा आवेदन पत्र पृथक से खोला जायेगा।**

कुलसचिव
कु0वि0वि0 नैनीताल

पत्रांकः केयू/प0नि0/गोपनीय/2024/1953, तद्दिनांकः 20–11–2024

प्रतिलिपि–

क– निम्नांकित समाचार पत्रों के सम्पादकों को इस आशय से प्रेषित की उक्त विज्ञप्ति को अपने प्रतिष्ठित समाचार पत्र के उत्तराखण्ड संस्करण में समाचार के रूप में दिनांक 21–11–2024 को निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें–

अमर उजाला, नैनीताल।
हिन्दुस्तान, नैनीताल।
दैनिक आज, नैनीताल।
शाह टाइम्स, नैनीताल।
न्यूज प्रिंट, नैनीताल।
दैनिक जागरण, नैनीताल।
उत्तर उजाला, नैनीताल।
उत्तरांचल दीप।
राष्ट्रीय सहारा, नैनीताल।

ख– समस्त निदेशक, प्राचार्य सम्बद्ध परिसर/महाविद्यालय/संस्थान को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को अपने परिसर/महाविद्यालय/संस्थान के विद्यार्थियों के मध्य प्रचारित–प्रसारित करने का कष्ट करेंगे।
ग– प्रभारी, ई0आर0पी0, कु0वि0वि0 नैनीताल को वैबसाईट में अपलोड किये जाने हेतु।
घ– निजी सचिव कुलपति को माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।

कुलसचिव
कु0वि0वि0 नैनीताल